Sixteenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged involvement of state ruling party in violence in West Bengal after panchayat elections.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। हम सब यह जानते हैं कि देश के चुने हुए लोकतांत्रिक प्रतिनिधियों का संरक्षण आपके माध्यम से ही होता है। देश का एक राज्य पश्चिम बंगाल है, जहां के पंचायती चुनावों में चुने हुए जो प्रतिनिधि हैं, उनकी जानमाल को आज खतरा बना हुआ है। मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में जब से पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ है, तो वहां की …(व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Madam, this is a State subject. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: स्टेट का मैटर है।

श्री सुनील कुमार सिंह: सत्तारूढ़ पार्टी के द्वारा और असामाजिक तत्वों के द्वारा बहुत बड़े पैमाने पर हिंसा हुई है। भाजपा समर्थित उन चुनावों में जीतकर जो सैकड़ों लोग आए हैं, उनको *… ** ने आतंकित कर रखा है। …(व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : The names should be removed. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Yes, names will not go on record.

*…(Interruptions)… **

श्री सुनील कुमार सिंह : हजारों की संख्या में झारखंड, बिहार, ओडिशा में उन लोगों ने संरक्षण ले रखा है। मेरे पास अखबारों की प्रतियां हैं, मैं प्रमाणित कर सकता हूं।

HON. SPEAKER: No allegations will go on record.

*…(Interruptions)… **

श्री सुनील कुमार सिंह : मैं आपके माध्यम से सरकार से सिर्फ आग्रह करूंगा कि सरकार इसकी जांच करा ले।…(व्यवधान) यह स्पष्ट करे कि पश्चिम बंगाल की सरकार चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किस तरह से आतंकित कर रही है।

माननीय अध्यक्ष: *… ** का नाम नहीं जाएगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: पार्टी का नाम नहीं जाएगा।

…(व्यवधान)

श्री सुनील कुमार सिंह : मैडम, कितने ही लोगों की हत्या हो गई और हजारों की संख्या में लोगों ने रांची, जमशेदपुर, धनबाद, साहेबगंज और पांकुड़ में शरण ले रखी है। मैं सरकार से आपके माध्यम से मांग करूंगा कि सरकार इसमें हस्तक्षेप करे। … * की अलोकतांत्रिक सरकार है, जो चुने हुए जनप्रतिनिधियों की हत्या और साजिश कर रहे हैं, उनको अविलम्ब बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाए।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि वह इसमें हस्तक्षेप करे। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

*m02 श्री मोहम्मद बदरुद्दोजा खान,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री अजय मिश्रा टेनी,

श्री रवीन्द्र कुमार राय,

डॉ मनोज राजोरिया और

श्री शंकर प्रसाद दत्ता को श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)